# Summative Assesment - 1

## X th Class Second Language- HINDI

## (MODEL PAPER)

Max.Marks : 100 Time : 3h.15min

---

सूचनाएँ :- 1) प्रश्न पत्र पढ़नेके लए 15 मिनिट का समय निर्धारित है।
2) सभी प्रश्नों के उत्तर उत्तर पुस्तिका में ही लिखे।
3) प्रश्न पत्र में कुल 6 भाग है|

---

भाग - I

1. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 12 x 1 = 12 अंक

1. दिन के तम में सपना जागा| रेखांकित शब्द का तत्सम रुप लिखिए।

| स्वप्न | सपना | ख़्वाब |
|---|---|---|

2. हामिद धीरे-धेरे चलता है। क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए।

3. '1977' हिंदी अक्षरों में लिखिए।

4. हमें एक ____अधिक भाषाएँ सीखना ज़रुरी है| सही कारक चिह्न पहचानकर लिखिए।

| में | से | के |
|---|---|---|

5. हिंदी हमारी राजभाषा है। वाक्य पढ़कर सही व्याकरण जोड़ी पहचानिए।

   हिंदीहमारी- द्वंद समास

   राजभाषा -तत्पुरुष समास

6. भारतवासी दुनिया को पावन बनायेंगे|रेखांकित शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।

7. जिसका दूसरा न हो। एक शब्द में लिखिए।

8. वह अंतरिक्ष यान उनकी आँखों से ओझल हो गया|निम्न में से मुहावरे का सही अर्थ पहचानिए।

   1. भाग जाना 2. अदृश्य हो जाना

9. नौकर काम करता है| लिंग बदलकर बाक्य फिर से लिखिए।

10. लडके ज़्यादा प्रसन्न हैं| वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।

11. लड़का पाठशाला जाता है|वाक्य को भविष्यत् काल में लिखिए।

12 मैं खाना खाता हो| वाक्य को शुद्व कीजिए।

भाग- II

13. निम्नलिखित गद्यांश पड़कर उत्तर अनुच्छेद में से ही पहचानकर लिखिए।     5x1 = 5 अंक

मुझे बेहद खुशी होती है | मेरे पास बयान करने के लिए कोई शब्द नहीं हैं | सं 1985 में डी.आर.डी.ओ द्वारा देश भर दस युवा वैज्ञानिको को चुना गया उसमें मेरा नाम भी था | उस दिन मेरी खुशी की कोई ठिकाना नहीं थी| मानो मेरे सपनों को पंख मिल गए थे |

प्रश्न:

1) ‘ संतोष ’ शब्द का पर्याय शब्द पहचानकर लिखिए ?
2) ‘ हद ’ का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ?
3) ‘ बे ’ उपसर्ग से युक्त शब्द पहचानकर लिखिए ?
4) “ इक ” प्रत्यय वाला शब्द को पहचान कर लिखिए ?
5) अनुच्छेद से एक विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ?

14. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर वाक्य में लिखिए।     5x1 = 5 अंक

हिंदी केवल एक भाषा का नाम नहीं है। यह भारतीयों की सोसों में बसी भाषा है। यह सबकी संस्कृति, सभ्यता व गरिमा का प्रतीक है। गांधीजी ने अपना जीवन देश की स्वतंत्र के साथ-साथ हिंदी की सेवा में समर्पित कर दिया था। अब हिंदी न केवल भारत की बल्कि की भाषा बन चुकी है। | संसार के विविध क्षेत्रों में हिंदी करोड़ों लोगों की जीविका बन चुकी है।

प्रश्न:

1. भारतीयों की साँसों में बसी भाषा क्या है ?
2. हिंदी भाषा किसका प्रतीक है
3. देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किस भाषा से साध्य हुआ ?
4. किसने अपना जीवन हिंदी की सेवा में समर्पित किया है ?
5. हिंदी कितने लोगों की जीविका बन चुकी है?

15. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर कोष्टक में लिखिए।     5 x 1= 5 अंक

झम झम झम झम मेघ बरसते हैं सावन के,
छम-छम-छम गिरती बूँदें तरुओं से छन के।
चमचम बिजली चमक रही रे उर में घन के,
थम-थम दिन के तम में सपने जगते मन के।।
दादुर टर-टर करते झिल्ली बजती झन-झन,
'म्यव-म्यव' रे मोर 'पीउ' 'पीउ' चातक के गण।
उड़ते सोनबालक, आर्द-सुख से कर क्रंदन,
घुमड़-घुमड़ गिर मेघ गगन में भरते गर्जन ॥

प्रश्नः

1. गगन में गर्ज़न करने वाले कौन हैं ? ( )
   अ) मोर आ) चातक इ) मेघ ई) सोनबालक
2. वर्षा की बूँदें कैसे गिरती हैं ? ( )
   अ) झिम-झिम आ) झम-झम इ) टप-टप ई) छम-छम
3. बिजिली कहाँ चमक रही है ? ( )
   अ) आसमान में आ) घन के उर में इ) सपने में ई) मन में
4. दादुर क्या करते हैं ? ( )
   अ) झम - झम आ) छम-छम इ) रिमझिम-रिमझिम ई ) टर-टर
5. यह कवितांश किस पाठ से लिया गया है ? ( )
   अ) हम भारतवासी आ) ईदगाह इ) बरसते बादल ई ) भक्ति पद

16. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर कोष्टक में लिखिए। 5 x 1= 5 अंक

इक्कीसवीं सदी का अब अंत होने वाला था और बाईसवीं सदी की शुरुआत। पृथ्वी पर मानव ने। काफी प्रगति कर ली थी। जनसंख्या पर नियंत्रण कर लिया था। पर्यावरण की समस्या को लगभग हल कर लिया गया था। लोग सुख-चैन से रह रहे थे। अचानक एक दिन समाचार पत्र में एक खबर प्रकाशित हुई, जिसे पढ़कर लोग आश्चर्यचकित हो गए। इस खबर के अनुसार एक सर्वेक्षण में बताया गया कि पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी होती जा रही है।

प्रश्न:

1. इक्कीसवीं सदी का क्या होने वाला था ? ( )
   अ) आरंभ आ) अंत
   इ) निर्माण ई) शुरुआत
2. किस पर मानव ने काफी प्रगति पा ली थी ? ( )
   अ) विश्व पर आ) समंदर पर
   इ) पृथ्वी पर ई) पर्यावरण पर
3. सर्वेक्षण में क्या बताया गया है ? ( )
   अ) पानी की कमी आ) पैसों की कमी
   इ) पेड़ों की कमी ई) लोगों की कमी
4. कौन-सी सदी की शुरुआत होने वाली है ? ( )
   अ) इक्कसवीं आ) बीसवीं
   इ) उन्नीसवीं ई ) दसवीं
5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? ( )
   अ) धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब आ) ईदगाह
   इ) जल ही जीवन है ई ) हम भारतवासी

भाग- III

17. प्रकृति चित्रण में बेजोड़ कवि श्री सुमित्रानंदन पंत जी का जीवन परिचय दीजिए | 2 x 4 = 8 अंक
18. 'ईदगाह ' कहानी के कहानीकार कौन है ? उनके बारे में लिखिए |

भाग- IV

19.निराशावादी और आशावादी के स्वभाव में क्या अंतर होता है ? 8 x 3 = 24 अंक
20.रैदास जी ने ईश्वर की तुलना कैसे की है ?
21.हामिद चिमटा क्यों खरीदना चाहता था ?
22.हमारे जीवन में जल का क्या महत्व हैं ?
23. सांस्कृतिक दृष्टी से हिंदी का क्या महत्त्व है ?
24.शांति की परिभाषा क्या होसकती है ? अपने शब्दों में बताए |
25. राजू को अपना पुराना स्कूल कैसा लगता है ?
26. मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्व कर दिखाया है ?

भाग- V

किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए | 1 x 10 = 10 अंक

27 . अ) बरसते बादल कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए |

( या)

आ) हम भारतवासी कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए |

किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए | 1 x 10 = 10 अंक

28. अ) ईदगाह कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए |

(या)

आ) " हिंदी विश्व भाषा है |" इस कथन के बारे में अपना विचार व्यक्त कीजिए |

भाग- VI

किसी एक पत्र लिखिए 1 x 8 = 8 अंक

29. अ) चार दिन की छुट्टी मांगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

(या )

आ) हिन्दी सीखने की आवश्यकता समझाते हुए अपने मित्र के नाम एक पत्र लिखिए।

किसी एक विषय पर निबंध लिखिए | 1 x 8 = 8 अंक

30. अ) आप का प्रिय त्यौहार कया है ? उसके बारे में एक निबंध लिखिए |

(या)

आ) पर्यावरण और प्रदूषण पर एक निबंध लिखिए ।